पत्रांक..112...../पी0पी0ओ0
पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना ।

प्रेषक,

पुलिस अधीक्षक(वितन्तु),
बिहार, पटना।

सेवा में,

पुलिस महानिरीक्षक(प्रोविजन)
बिहार, पटना।

पटना, दिनांक- 20-08-2018

विषयः- नीलामी निविदा आमंत्रण सूचना संख्या-01/2018-19 प्रमुख अखबारों में प्रकाशन के संबंध में।

.............

महाशय,

निदेशानुसार उपरोक्त विषय के संबंध में कहना है कि निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग बिहार, पटना के ज्ञापांक-317/सू0ज0स0वि0 दिनांक-05.04.2006 के आलोक में विज्ञापन सामग्री को दिये गये नमूने के अनुरूप सी0डी0 तैयार कर एवं विज्ञापन सूचना की प्रति पत्र के साथ संलग्न कर भेजा जा रहा है।

अनुरोध है कि नीलामी निविदा सूचना को प्रमुख अखबारों में प्रकाशनार्थ सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग में भेजने तथा PRD के website पर upload करने हेतु संबंधित पदाधिकारी को निदेशित करने की कृपा की जाये।

अनुलग्नकः- यथोपरि ।

विश्वासभाजन,

20/8/18

(कृष्ण मुरारी सिन्हा),
पुलिस अधीक्षक(वितंतु)
बिहार, पटना।

पुलिस अधीक्षक (वितंतु)
बिहार, पटना

प्रतिलिपिः- आई0टी0 मैनेजर, पुलिस महानिदेशक का कार्यालय, बिहार, पटना को सूचनार्थ कृपया। कृपया संलग्न विज्ञापन सूचना की सी0डी0 निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार, पटना को प्रमुख समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ भेजने तथा PRD के website पर upload किया जाये।

20/8/18

पुलिस अधीक्षक(वितंतु),
पुलिस अधीक्षक (वितंतु)
बिहार, पटना

Scanned by CamScanner

# बिहार पुलिस रेडियो, मुख्यालय, बेली रोड, पटना

## नीलामी निविदा सूचना संख्या- 01/2018-19/पी0पी0ओ0

| | | |
|---|---|---|
| 1. | विभाग का नामः- | पुलिस महानिदेशक का कार्यालय,बिहार, पटना। |
| 2. | विज्ञापनदाता का पदनाम एवं पताः- | पुलिस अधीक्षक(वितन्तु), बिहार, पटना। बिहार पुलिस रेडियो,मुख्यालय, राजवंशी नगर, बेली रोड,पटना। |
| 3. | निविदा समर्पित करने की तिथि एवं समयः- | निविदा प्रकाशित होने की तिथि से किसी कार्य दिवस में दिनांक- 08.10.2018 के 1500 बजे तक। |
| 4. | निविदा प्राप्ति का स्थानः- | विज्ञापनदाता का कार्यालय, बिहार पुलिस रेडियो मुख्यालय, राजबंशी नगर, पटना-800023 |
| 5. | निविदा खोलने की तिथिः- | दिनांक- 08.10.2018 को 1600 बजे। |
| 6. | मद का नामः- | बिहार पुलिस रेडियो संगठन के बेली रोड, राजवंशी नगर स्थित टी0एक्स0 भवन भंडार में रद्द किये गये खराब वायरलेस सेट, जिन्हें क्षतिग्रस्त कर स्क्रैप के रूप में परिवर्तित कर दिया गया है, विभिन्न प्रकार के रद्द किये गये उपकरण एवं अनुपयोगी बैट्रियों जिनकी विस्तृत सूची अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से निविदा समर्पित करने की अंतिम तिथि से एक दिन पूर्व तक किसी भी कार्य दिवस के दिन प्राप्त किये जा सकते है। नीलामी हेतु सामानों का नाम एवं अदद एवं इनका प्रति अदद न्यूनतम मूल्य सूची में अंकित है। न्यूनतम निर्धारित मूल्य से कम मूल्य की निविदाओं पर विचार नहीं किया जायेगा। |

### निविदा के शर्त

निविदा के साथ निम्नांकित को संलग्न करना अनिवार्य होगाः-

(1) निविदाकर्ता फर्म का बिहार राज्य में GST निबंधन ।

(2) निविदाकर्ता फर्म का PAN की छाया प्रति।

(3) अद्यतन आयकर रिटर्न की छाया प्रति।

(4) रद्द किये गये सामानों का न्यूनतम आधार मूल्य कुल 7,28,330/-रूपया है अतएव निविदाकर्ताओं को निविदा के साथ रू0-73,000/-(तिहतर हजार) रूपये मूल्य का अग्रधन एन0एस0सी0 अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में, जो पुलिस अधीक्षक(वितन्तु), बिहार, पटना के नाम pledged रहेगा, को संलग्न करना होगा। असफल निविदाकर्ताओं को यह अग्रधन वापस कर दिया जायेगा। सफल निविदाकर्ता यदि तीन दिनों के अंदर नीलामी हेतु अनुमोदित राशि के आधार पर कुल वांछित राशि का बैंक ड्राफ्ट जमा नहीं करेंगे तब उनका अग्रधन जब्त कर लिया जायेगा।

(5) उपरोक्त शर्तो के अधीन प्राप्त होने वाले निविदाओं के आधार पर निविदित अधिकतम मूल्य वाले निविदाकर्ता की निविदा को सफल निविदाकर्ता माना जायेगा। सफल निविदाकर्ताओं को सामानों के मूल्य की राशि का बैंक ड्राफ्ट तीन दिनों के अन्दर "pay to S.P. (Wireless), Bihar, Patna and payable at Patna" के नाम जमा करना होगा। इसके बाद ही सामानों को जो जहाँ है वहाँ से निविदाकर्ता को अपने cost पर तीन दिनों के अन्दर ले जाना होगा।

(6) किसी भी कार्यालय दिवस एवं कार्यालय अवधि में उपरोक्त सामानों का अवलोकन किया जा सकता है।

Scanned by CamScanner

(7) अधोहस्ताक्षरी को यह अधिकार होगा कि किसी भी निविदा को बिना कारण बताये रद्द घोषित कर सकता है।

20/8/18

पुलिस अधीक्षक(वितन्तु),

बिहार, पटना।

पुलिस अधीक्षक (वितंतु)

बिहार, पटना

Scanned by CamScanner